प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ०प्र०
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक सं० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2023/603 दिनांकः 29 दिसम्बर, 2023

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य / समस्त छात्र / छात्राएं
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2023–24 के विषम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरे जाने तथा परीक्षा शुल्क जमा किये जाने की पुनः तिथि विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2023 / 558 दिनांक 13 दिसम्बर, 2023 एवं पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2023 / 586 दिनांक 23 दिसम्बर, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2023–24 के विषम सेमेस्टर (स्नातक एवं परास्नातक) के रेगुलर तथा कैरी ओवर की परीक्षाओं जो दिनांक 09 जनवरी, 2024 से आयोजित होना निर्धारित है के लिए दिनांक 31 दिसम्बर, 2023 तक परीक्षा फार्म भरे जाने एवं परीक्षा शुल्क जमा किये जाने की सूचना दी गई थी।

उक्त के सम्बन्ध में कतिपय संस्थानो / छात्रों द्वारा किये गये अनुरोध को सक्षम स्तर द्वारा स्वीकार करते हुए निर्धारित अन्तिम तिथि दिनांक 31 दिसम्बर, 2023 को **पुनः विस्तारित करते हुए दिनांक 05 जनवरी, 2024 तक परीक्षा फार्म भरे जाने एवं परीक्षा शुल्क जमा** किये जाने हेतु ई0आर0पी0 पोर्टल संचालित रहेगा।

उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि ऐसे छात्र / छात्राओं जिनकी ABC ID नहीं होने के कारण परीक्षा फार्म नहीं भरे सके, की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है, परन्तु ABC ID न होने के दृष्टिगत सम्बन्धित छात्र / छात्राओं का परीक्षा परिणाम एवं प्रमाण पत्र इत्यादि का विवरण NAD पोर्टल पर उपलब्ध नहीं हो सकेगा, जिसके लिए छात्र स्वयः उत्तरदायी होगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने संस्थान में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को उपरोक्त के सम्बन्ध में सूचित करते हुए समयानुसार परीक्षा फार्म भरवाने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने का कष्ट करें

भवदीय

29/12/2023

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक / परास्नातक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. अपर / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक